**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
-------

# राज्यपाल को अस्पताल से छुट्टी मिली
## राज्यपाल पूर्णतः स्वस्थ
## राजभवन पहुंचने पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया स्वागत

लखनऊः 20 अप्रैल, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान से उपचार के पश्चात् आज छुट्टी मिल गयी है। राज्यपाल पूर्णतः स्वस्थ हैं। राजभवन पहुंचने पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा स्वस्थ होने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री राम नाईक 17 अप्रैल को चिकित्सकीय जांच हेतु संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती हुये थे। चिकित्सकों ने ऐतिहात के तौर पर 'पेसमेकर' लगाने की सलाह दी थी। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ0 राकेश कपूर, कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ0 पी0के0 गोयल, एंस्थेसिया एण्ड क्रिटिकल केयर के प्रोफेसर डॉ0 एस0पी0 अम्बेश, इण्डोक्रोनोलॉजी के प्रोफेसर डॉ0 सुशील गुप्ता की टीम द्वारा राज्यपाल को 18 अप्रैल को 'पेसमेकर' लगाया गया। राज्यपाल के स्वास्थ्य लाभ को देखते हुये चिकित्सकों की टीम ने राज्यपाल को आज डिस्चार्ज करने का निर्णय लिया।

-----

अंजुम/रा0/राजभवन (150/26)


DIRECTOR'S CAMP OFFICE





